बी एच ई एल

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन (हीप), रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

संदर्भ सं. मा. सं. / भर्ती / ग्रेजु.-टेक्नी. अप्रेंटिस /49 — दिनांक : 22.10.2018

## परिपत्र

**विषय: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में ग्रेजुएट, टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप फरवरी 2019 बैच हेतु आवेदन सम्बंधी विवरण**

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित शाखाओं (Branches) में ग्रेजुएट (B.Tech. / B.E. Holder) एवं डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण फरवरी 2019 बैच हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

| क्रम सं. | शाखा (Branch) | रिक्तियों की संख्या: ग्रेजुएट अप्रेंटिस | रिक्तियों की संख्या: टेक्नीशियन/ टेक्नीशियन (वोकेशनल)अप्रेंटिस | न्यूनतम योग्यता | आयु सीमा (01.02.2019 को) एवं छूट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ इण्डस्ट्रियल | 101 | 50 | हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट (नियमानुसार) उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2016, 2017 या 2018 में ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए संबंधित ब्रांच से ग्रेजुएट (B.Tech./B.E.) उत्तीर्ण (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस के लिए संबंधित ब्रांच से डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) किया हो। | • न्यूनतम : 18 वर्ष<br>❖ अधिकतम:27वर्ष (सामान्य वर्ग), अन्य पिछडा वर्ग 30 वर्ष एवं 32 वर्ष (अनु. जाति / जनजाति)<br>❖ 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। |
| 2 | इलेक्ट्रिकल | 35 | 18 | | |
| 3 | सिविल | 3 | 3 | | |
| 4 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 11 | 3 | | |
| 5 | कम्प्यूटर | 3 | 1 | | |
| 6 | मेटलर्जी | 3 | 0 | | |
| 7 | केमिकल्स | 2 | 0 | | |
| 8 | ऑफिस मैनेजमेंट एवं सेक्रेटेरिएट प्रैक्टिस / स्टेनो / अकाउंट ऑडिट | 0 | 17 | | |
| | | 158 | 92 | | |
| | कुल योग्य | 250 | | | |

नोट: ऊपर दी गयी रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है। यदि ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को टेक्नीशियन अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है। इसी प्रकार यदि टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को ग्रेजुएट अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

- ❖ प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी।
- ❖ अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार में पंजीकरण होना अनिवार्य है, किंतु बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक कर्मचारी के आश्रितों के लिए सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार में पंजीकरण होना अनिवार्य नहीं है।
- ❖ अनु. जनजाति वर्ग (Scheduled Tribe) के अभ्यर्थी जिनका उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण हो, वे आवेदन कर सकते हैं।
- ❖ सभी अभ्यर्थियों (बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक कर्मचारी के आश्रितों के लिए भी) का BOAT कानपुर में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

- ❖ अनु. जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रैन्टिस एक्ट के नियमानुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमशः 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए यह अनुपात आरक्षण उत्तराखंड राज्य सरकार के आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा।
- ❖ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का **दिनांक 01.04.2017 से पुराना अथवा प्रमाण पत्र पर दिए गए मान्यता तिथि (Validity date) समाप्त होने के बाद का जाति प्रमाण पत्र (OBC certificate)** मान्य नहीं होगा।
- ❖ वे अभ्यर्थी जिन्होने ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
- ❖ वर्ष 2016, 2017 या 2018 में ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा पूर्णतया उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे। **वे अभ्यर्थी जिन्हे ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा का परीक्षाफल / अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

  <u>नोट:</u> बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के नियमानुसार उत्तीर्ण वर्ष में कोई अतिरिक्त छूट का प्रावधान नहीं है।
- ❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्राप्त पावती संख्या (Acknowledgement No.) भविष्य हेतु याद रखें।

**<u>वजीफा</u> :** ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वजीफा (Stipend) ₹ 6000/- प्रति माह तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस को ₹ 4000/- प्रति माह देय होगा।

<u>स्वास्थ्य:</u> आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गये प्रारूप पर पंजीकृत एम.बी.बी.एस. डॉक्टर द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 और उसके उपरांत समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

**<u>चयन प्रक्रिया:</u>** जिस शाखा (Discipline) में रिक्तियों की संख्या 10 या 10 से कम है, उनके लिए अभ्यर्थियों का चयन सीधे मेरिट बनाते हुए किया जाएगा तथा साक्षात्कार नही होगा। जिस शाखा (Discipline) में रिक्तियों की संख्या 10 से अधिक है, उनके लिए अभ्यर्थियों का चयन **व्यक्तिगत साक्षात्कार** द्वारा किया जाएगा। अभ्यर्थी का चयन ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों [ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा अंकों का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंकों का 30% वेटेज लेते हुए] के मेरिट के आधार पर **1:1.20** के अनुपात में साक्षात्कार हेतु बुलाकर किया जायेगा **अर्थात चयन हेतु लिखित परीक्षा की प्रक्रिया नहीं होगी**। अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस हेतु अंतिम चयन उपरोक्त मेरिट [ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा अंकों का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंकों का 30% वेटेज लेते हुए] का 70% तथा साक्षात्कार का 30% अंक के आधार पर किया जाएगा। ग्रेजुएशन (B.Tech. / B.E.) या डिप्लोमा एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के भारित औसत में समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

यदि किसी व्यवसाय में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को सीधे तौर पर नियुक्ति के लिए बुलाया जा सकता है।अंतिम चयन के लिए केवल वे उम्मीदवार ही माने जाएंगे, जो नियुक्ति हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित रहेंगे।

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों, यदि वे अन्य अर्हताओं को पूरा करते हो,1:2 के अनुपात में लेते हुए वरीयता दी जाएगी तथापि यह छूट अनुसूचित जाति / जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए अनुपात / आरक्षण मानदंड को पूरा करने के लिए वैधानिक दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की सूची तैयार करते समय भी इन मापदंडों को ध्यान में रखा जाएगा।

*नोट: आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।*

<u>आवेदन कैसे करें</u>

उपरोक्त प्रशिक्षण के लिये हमारी भर्ती वेबसाईट https://careers.bhelhwr.co.in द्वारा "<u>Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for February 2019,Batch</u>" के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE)

- ❖ इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों की जानकारी के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।
- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय अभ्यर्थियों को अपना **30 kb तक का .jpg या .jpeg प्रारूप में स्कैन** नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो अपलोड करना होगा।

- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 2 में ही अपना हाई स्कूल अंक पत्र **एवं प्रमाण पत्र, डिग्री/डिप्लोमा अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र अंतिम रूप से प्राप्त या सभी सेमेस्टर के अंक पत्र (एक साथ स्कैन कर), जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), शारीरिक रूप से अक्षमता (PH) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) तथा आधार कार्ड** अपलोड करना अनिवार्य होगा।

  **नोट: डिग्री/डिप्लोमा अंकपत्र अंतिम रूप से प्राप्त या सभी सेमेस्टर के अंक पत्र 500 kb तक तथा उपर्युक्त सभी दस्तावेज 300 kb तक का pdf प्रारूप में स्कैन कर अपलोड करना होगा।**
- ❖ **वेबसाईट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे।** इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- ❖ अयोग्य अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.एच.ई.एल. भर्ती वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लेकर सामान्य निर्देश में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए **" ग्रेजुएट अप्रेंटिस प्रशिक्षण फरवरी 2019 बैच हेतु आवेदन पत्र"** तथा डिप्लोमा [टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल)] अप्रेंटिसशिप के लिए **"टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस प्रशिक्षण फरवरी 2019 बैच हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर दिनांक **14.11.2018 तक** निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा जमा करना होगा। **अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।**

**उप महाप्रबंधक (मा. सं.- भर्ती ), कक्ष सं. 29, भूतल,**
**मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,**
**बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर,हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403**

**नोट:** बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा **"Form for Employee Ward"** भी जमा करना होगा।

<u>सामान्य निर्देश</u>

❖ **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में संलग्न करना होगा अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा :**

1. हाई स्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र एक साथ स्कैन करते हुए।
2. डिग्री / डिप्लोमा अंतिम रूप से प्राप्त अंकतालिका या सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाओं एवं प्रमाण पत्र को एक साथ स्कैन करते हुए।
3. आधार कार्ड।
4. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
5. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

❖ ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने पावती पत्र के साथ निम्न दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रति (self-attested photocopy) को संलग्न कर दिनांक **14.11.2018 तक व्यक्तिगत रूप से / डाक द्वारा** जमा कराने होंगे:

1. सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार पंजीकरण प्रमाण पत्र।
2. BOAT कानपुर में पंजीकरण उपरांत PID SLIP No. या MHRD SLIP NO. (सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य)।
3. उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य के किसी भी जिले के सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।

नोट: 1. पूर्णतया भरा हुआ Form for Employee Ward **[केवल कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए लागू]** को पावती पत्र के साथ संलग्न करके जमा करना अनिवार्य है।

❖ अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता रखते हैं तथा उनके द्वारा आवेदन मे दी गई सभी जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है । यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है, तो इसके लिए आवेदक स्वंय जिम्मेदार होंगे तथा आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय, बिना किसी कारण बताए, निरस्त की जा सकती है।

❖ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निधारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

❖ इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।

❖ किसी ब्रांच में किसी भी अवस्था में यदि योग्य अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों से कम या बराबर रहती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को, यदि वे अन्य अर्हतायें पूरी करते हैं, मेरिट में छूट प्रदान करते हुए क्रमशः ज्वाइनिंग के लिए बुलाया जा सकता है।

❖ अभ्यर्थियों के चयन संबंधी सारी जानकारी **वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in** पर उपलब्ध **रहेगी**। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार सूची तथा अन्य सम्बंधी जानकारी के लिए दिनांक **12.12.2018 से समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें**। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपने साथ अपना मान्य फोटो आईडी कार्ड (मतदाता पहचान कार्ड/पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/आधार कार्ड इत्यादि) लेकर आना होगा।

❖ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

❖ अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

❖ अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।

❖ **कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी।**

❖ किसी भी प्रकार की सिफारिश या बाहरी दबाव, अभ्यर्थी के चयन के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

<u>महत्त्वपूर्ण तिथियाँ (सम्भावित) :</u>

| | |
|---|---|
| (क) ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि: | **--- 22.10.2018** |
| (ख) ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: | **--- 07.11.2018** |
| (ग) पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | **--- 14.11.2018** |
| (घ) साक्षात्कार सूची की घोषणा: | **--- 12.12.2018** |
| (ङ) साक्षात्कार की तिथियाँ : | **---21.12.2018 से 27.12.2018** |
| (च) अंतिम परिणाम की घोषणा : | **--- 04.01.2019** |
| (छ) ज्वाइनिंग की तिथियाँ : | **--- 16.01.2019 से 22.01.2019** |

परिणाम घोषणा के उपरान्त शाखा अनुसार (Branch wise) रिक्तियों के बराबर मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी आमंत्रित किये जाएंगे। यह केवल आमंत्रण होगा। अंतिम चयन, साक्षात्कार के लिए उपस्थित अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर की जायेगी।

**इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।**

22/10/2018

पूनम तिग्गा

उप महा प्रबंधक (मा.सं.-भर्ती)

वितरण :

1. सहायक केंद्रीय अप्रेंटिसशिप सलाहकार – बी.ओ.ए.टी. कानपुर
2. जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार
3. हरिद्वार नेट
4. समस्त सूचना पट्ट

} व्यापक प्रसार हेतु

प्रतिलिपि :

1. सभी विभागाध्यक्ष
2. स्टाफ अधिकारी महाप्रबंधक (प्रभारी) - (हीप)
3. स्टाफ अधिकारी महाप्रबंधक (प्रभारी) - (सी.एफ.एफ.पी)
4. समस्त डी आर ओ

} सादर सूचनार्थ